पटना विश्वविद्यालय, पटना

पत्रांक :PU/VC Res/16

दिनांकः 13.12.2024

कार्यालय आदेश

पत्रांक मेमो सं० AC/Estab/940 दिनांक 04.12.2024 द्वारा अधिसूचित कार्यालय आदेश के आलोक में गठित समिति द्वारा पटना विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ (PUEA) के प्रतिनिधियों से दिनांक 05.12.2024 तथा 06.12.2024 को हुई वार्ता के बाद विश्वविद्यालय को सौंपी गई प्रतिवेदन पर राजभवन में माननीय् कुलाधिपति के नेतृत्व में पटना विश्वविद्यालय के कुलपति, वित्तीय सलहाकार एवं कुलसचिव तथा पटना विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एवं महासचिव के साथ दिनांक 12.12.2024 संध्या 7 बजे वार्ता हुई। वार्ता के फलस्वरूप निम्न बिंदुओं पर दोनो पक्षों में सहमति हुई एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं तालाबंदी समाप्त करनें का निर्णय लिया गया।

1. विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी कर्मचारी पर हड़ताल से संबंधित मामले में कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की जायगी। साथ ही हड़ताल अवधि की क्षतिपूर्ति क्रिसमस अवकाश दिनांक 26, 27 एवं 28 दिसम्बर 2024 को पुरे दिवस कार्य कर किया जायगा।
2. विश्वविद्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी एक दूसरे के साथ पारस्परिक सम्मानजनक व्यवहार रखेंगे। इस आशय की अधिसूचना विश्वविद्यालय द्वारा जारी की जायगी।
3. अनुकंपा के लिये प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुये विश्वविद्यालय 18 जनवरी 2025 तक अंतिम निर्णय अधिसूचित कर देगी। साथ ही प्रत्येक वर्ष अनुकंपा समिति की बैठक की जायगी।
4. **(a)** ACP/MACP के तहत 72 कर्मचारियों का वेतन निर्धारण 18 दिसम्बर 2024 तक कर दिया जायगा। बाकी बचे सभी कर्मियों का भी 12 जनवरी 2025 तक वेतन निर्धारण पूर्ण कर दिया जायगा।

   (b) परिनियत वेतन समिति की बैठक statutory provision के अनुसार वर्ष में दो बार करने का Tentative कैलेंडर जारी कर दिया जायगा।

   (c) सभी कर्मचारी जिनका वेतन सत्यापन किया जा चुका है एवं सत्यापन से सहमत है को 50 प्रतिशत बकाया ACP/MACP का भुगतान कर दिया जाय साथ ही 12 जनवरी 2025 तक विसंगति दूर कर ली जाएगी ताक़ि बचे हुए सभी कर्मियों को पूर्ण ACP/MACP का भुगतान किया जा सके।
5. **(a)** PUEA की माँग के अनुरूप सिनेट में कर्मचारियों के 5 प्रतिनिधि एवं सिडिंकेट में 1 प्रतिनिधि को शामिल करने हेतु परिनियम (statute) में आवश्यक परिवर्तन करने हेतु सक्षम प्राधिकार (कुलाधिपति कार्यालय एवं राज्य सरकार) को पुनः अनुरोध पत्र प्रेषित किया जायगा।

Scanned with OKEN Scanner